तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री


न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया



गोंड़पारा में नाली स्लैब ढालने में निगम द्वारा बरती गई लापरवाही लोगों के लिए आफत साबित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### बीएनआई का उद्योग व्यापार मेला 10 से

**बिलासपुर।** बीएनआई की बिलासपुर इकाई द्वारा नए वर्ष में बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेले का आयोजन किया जाएगा।आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ किरण पाल सिंह चावला एवं संयोजक गणेश अग्रवाल ने बताया है कि साइंस कॉलेज मैदान परिसर में 10 जनवरी से 16 जनवरी तक उद्योग व्यापार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में देश भर के उद्यमियों के स्टॉल लगाए जाएंगे। विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे । इसकी रूपरेखा बनाकर तैयारियां की जा रही हैं।

### सुगम्य केन वितरण के लिए दिव्यांगों का चयन

**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर, जिला पुनर्वास केन्द्र, समाज कल्याण विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर 19 दिसम्बर को शहरी बिलासपुर एवं बिल्हा में शिविर शासकीय अंधमुक बाधिर शाला तिफरा में 132 मोट्राईसिकल एवं 4 सुगम्य केन, 20 दिसम्बर को मस्तूरी में 96 मो.ट्राईसिकल एवं 1 सुगम्य केन, 21 दिसम्बर को तखतपुर में 64 मो.ट्राईसिकल एवं 2 सुगम्य केन तथा 22 दिसम्बर को शिविर लगाया गया था। सुगम्य केन कुल 327 मो.ट्राईसिकल एवं 9 सुगम्य केन हेतु दिव्यांगजनों का चयन किया गया है। जिसका वितरण आगामी माह में किया दिव्यांगजनों को किया जाएगा।

### शीतकालीन अवकाश के बीच चीफ जस्टिस ने की केस की सुनवाई

### कलेक्टर ने कोर्ट को बताया डॉक्टर और अधिकारी राउंड नहीं लेते

### मरीज़ काकरोच से परेशान डीन को नहीं बना जवाब देते

# सिम्स की बदहाली से नाराज हाईकोर्ट ने कलेक्टर और डीन को लगाई फटकार



मरीजों को लूटने वाले निजी अस्पताल इन्हीं एंबुलेंस के जरिए अपना व्यापार बढ़ा रहे हैं। सिम्स प्रबंधन, पुलिस और नगर निगम इन्हें हटा नहीं पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने शीतकालीन अवकाश के बीच जनहित याचिका की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर और सिम्स के डीन को तलब कर जमकर फटकार लगाई।

सिम्स की अव्यवस्थाओं, दवाओं की कमी और रेलवे की पार्किंग की समस्या को लेकर जमकर नाराजगी जताई गई। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने डिवीजन बेंच गठित की और कलेक्टर अवनीश शरण के साथ सिम्स के डीन डॉ. के के सहारे को तलब किया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने सिम्स की अव्यवस्थाएं दूर नहीं होने पर कलेक्टर पर जमकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि कल आप सिम्स गए थे, आप जाइए फोटो खिंचाइए लेकिन, निरीक्षण के बाद अव्यवस्थाओं पर भी ध्यान देना जरूरी है। जो खामियां मिली है उसे दूर करना भी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 17 जनवरी को होगी। गुरुवार को केस की सुनवाई जब शुरू हुई, तब डिवीजन बेंच ने कलेक्टर अवनीश शरण से पूछा कि आप बिना ड्रेस कोड के कैसे पहुंच गए हैं। तब कलेक्टर ने बताया कि वो आफिस में बैठे थे। इसी बीच उन्हें कोर्ट आना पड़ा। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि टाई तो लगाकर आना चाहिए था।

### सिम्स और जिला अस्पताल में दवाइयों की कमी पर सवाल

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूछा कि सिम्स और जिला अस्पताल में दवाइयों की कमी है। सीजीएमसी दवाइयां नहीं दे रहा है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है, यह सब क्या है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर फंड दे रही है, जिसके बाद भी इस तरह की स्थिति क्यों है। दवाइयां सप्लाई नहीं करने पर डिवीजन बेंच ने सीजीएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर को शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की सुनवाई 17 जनवरी को होगी।

### बदहाली के लिए कलेक्टर ने बताए तीन कारण

कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स की बदहाली के लिए तीन कारण बताए। इसमें पहला कारण इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसमें 75 प्रतिशत सुधार कर लिया गया है। दूसरा कारण क्लीनिकल है जिसमे कुछ डाक्टर व नर्स है जो काम नहीं करते। कलेक्टर ने तीसरा कारण प्रबंधन की कमी को बताया। कलेक्टर ने कहा कि कुछ डाक्टर्स के अपने क्लीनिक है। इसलिए वे सिम्स पर ध्यान नहीं देते। कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय से पदस्थ डॉक्टरों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इन ट्रबल मेकर्स की पहचान कर ली गई है। कलेक्टर ने कोर्ट से कहा कि व्यवस्था सुधारने के लिए एक सप्ताह का समय सिम्स प्रबंधन को दिया गया है।

### चीफ जस्टिस ने डीन से पूछा 2021 से क्या कर रहे हैं

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सिम्स के डीन डॉ. केके सहारे को भी जमकर फटकार लगाई। डीबी ने डीन से पूछा कि यहां कब से पोस्टेड हैं। तब डीन डॉ. सहारे ने बताया कि वे 2021 से हैं। इस पर कोर्ट ने सवाल करते हुए कहा कि इतने सालों से आप क्या कर रहे हैं। व्यवस्था सुधर क्यों नहीं रही है। केवल निरीक्षण करना ही आपका काम नहीं है। खामियों को दूर करने के लिए आपने क्या किया है। इस पर डीन डॉ. सहारे चुप्पी साधे रहे। वहीं कोर्ट ने कलेक्टर अवनीश शरण से अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि व्यवस्था बनाने के लिए पीडब्यूडी, नगर निगम, सीजीएमसी सब मिलकर काम कर रहे हैं।



## कलेक्टर ने ठेकेदार पर किया एक लाख रुपए जुर्माना

सिम्स की बदहाली मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद कलेक्टर गुरूवार की शाम सीधे सिम्स पहुंच गए, इस दौरान सुबह 9 बजे पहुंचे कलेक्टर ने प्रभारी एमएस डॉ पुनीत भारद्वाज और डॉ विवेक शर्मा के साथ सिम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताविहीन भोजन परोसने पर 1 लाख की पेनाल्टी लगा दी है। वहीं सफाई ठेकेदार को भी जमकर खरीखोटी सुनाई। हाईकोर्ट की तल्खी, आईपीएस की विजिटिंग और कलेक्टर के निरीक्षण के बाद भी सिम्स की तबीयत ठीक नहीं हो पा रही है। जहां गुरूवार को हाईकोर्ट में डीन और कलेक्टर ने हाजिरी लगाई, वहीं कलेक्टर ने सुबह के साथ ही शाम को भी सिम्स का निरीक्षण किया। सुबह पाली के दौरान बिना आईडी कार्ड के सिम्स में घूम रहे स्टाफ पर दोनों डाक्टरों को जमकर फटकार लगाई, साथ ही सभी स्टाफ के लिए आईडी कार्ड इश्यू करने के निर्देश दिए। वहीं सफाई ठेका कर्मी को समय पर वेतन नहीं मिलने पर नराजगी जाहिर कर 5 तारीख तक वेतन दिलाने का आदेश दिया। इस दौरान उन्होंने स्टोर में रखे दवाओं का लेबल चेक किया। वहीं ठेकाकर्मचारियों ने बताया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है,जिसके बाद कलेक्टर ने सभी अधिकारियों की क्लास लगाई और 5 तारीख से पहले वेतन दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भोजन वितरण करने वाले ठेकेदार को सबक सिखाया, कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान खराब खाना परोसने पर ठेकेदार पर 1 लाख की पेनाल्टी लगाने का आदेश दे दिया है, जिसके बाद ठेकेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

■ एक ही दिन में दो बार किया निरीक्षण

### मीनू के अनुसार नहीं मिलता खाना

सिम्स के डायटिशियन के अनुसार वार्डो में भोजन वितरण किया जाना है, इससे पहले डायटिशियन द्वारा मीनू तैयार किया जाता है,लेकिन पिछले 10 सालों से सिम्स में ठेका चला रहे ठेकेदार द्वारा भोजन में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता है। कमीशनखोरी के चलते ठेकेदार द्वारा गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले भोजन में कमी की जाती है, जिसमें काजू, दूध और अड्डा देने का प्रावधान है लेकिन हफ्ते में कभी कभार ही गर्भवती महिलाओं को इस मीनू से भोजन मिल पाता है। कुपोषित बच्चे, विकलांग, बर्न यूनिट और महिला और पुरूष के अनुसार अलग-अलग भोजन मीनू का पालन किया जाना है लेकिन सभी को एक सा भोजन ही उपलब्ध होता है। भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए जिस अधिकारी की नियुक्ति की गई है उसे ही दिन का मीनू याद नहीं रहता है।




Hotel Grand Gulmohar
the exclusive party lawn for all
शुभारंभ
Hotel Grand Gulmohar
the exclusive party lawn for all
SINCE 2000
गुलमोहर ढाबा
GULMOHAR DHABA SINCE 2000
DINING
RECEPTION
ROOM'S
मुख्य अतिथि
मान. श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक, बेलतरा
के कर कमलों द्वारा शुभारंभ....
मान. श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक, बेलतरा
उद्घाटन समारोह
दिनांक : 29 दिसंबर 2023, शुक्रवार
संध्या 5 बजे से
स्थान :
हॉटल ग्रैन्ड गुलमोहर, सीपत रोड, शहीद चौक
मोपका , बिलासपुर (छ.ग.)
"खुशी के इस पल में आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमें अनुग्रहीत करेगी"
देवेन्द्र पाण्डेय
डायरेक्टर
अभिषेक तिवारी
डायरेक्टर
अभिजीत तिवारी
डायरेक्टर
घनश्याम तिवारी (राजू)
फाउण्डर & डायरेक्टर

## खबर संक्षेप

### रेलवे में पार्किंग वसूली पर कोर्ट नाराज डीआरएम से मांगा शपथपत्र के साथ जवाब

**बिलासपुर।** रेलवे क्रासिंग सहित रेलवे की अव्यवस्था को लेकर चल रही जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। इस दौरान चीफ जस्टिस सिन्हा ने रेलवे की पार्किंग की समस्या और अवैध वसूली को लेकर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने इस मामले में भी कलेक्टर से कहा कि आप स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान दे रहे हैं, लगातार निरीक्षण कर रहे हैं लेकिन, रेलवे की समस्या पर कौन ध्यान देगा। इस पर कलेक्टर ने डीआरएम से चर्चा करने की बात कही। तब कोर्ट ने रेलवे के डीआरएम को इस मामले में शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है। साथ ही इस तरह की अव्यवस्थाओं को दूर करने का प्रयास करें। कोर्ट ने जनहित याचिका अगली सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तारीख तय की है। कोर्ट ने एयरपोर्ट में गुंडागर्दी को लेकर भी जवाब मांगा है।

- रायपुर एयरपोर्ट पर टैक्सी विवाद को भी लिया संज्ञान में

गौरतलब है कि रायपुर एयरपोर्ट में एक सप्ताह पहले एक गर्भवती महिला अपने बेटे के साथ आई। उनकी पहले से ही कैब की बुकिंग थी लेकिन एयरपोर्ट के टैक्सी वालों ने उन्हें कैब में बैठने नहीं दिया। इस वजह से वे 6-7 साल के बेटे के साथ करीब एक किलोमीटर तक पैदल ही चलती रहीं। इस दौरान प्राइवेट टैक्सी वाला भी साथ चलता रहा। वो महिला को धमकी भी दे रहा था कि वो उसे किसी दूसरी टैक्सी में बैठने नहीं देगा। विवाद बढ़ता देख महिला राजेंद्रनगर थाने पहुंची। वहां कुछ टैक्सी वाले भी आ गए। थाने में भी टैक्सी वालों ने महिला से बहसबाजी की। इसी तरह रायपुर एयरपोर्ट में टैक्सी वालों के रोज-रोज के विवाद ने आने-जाने वाले यात्रियों को परेशान कर दिया है। खासतौर पर जो बाहर से ओला, उबैर या दूसरी कंपनी की टैक्सी बुक कराकर आते हैं, उनसे विवाद किया जाता है।

### रेलवे में पार्किंग के नाम पर लूट

बिलासपुर स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर लूट मची है। यहां चारपहिया वाहनों से एक मिनट रुकने पर भी 59 रुपए वसूली की जा रही है जबकि ड्राप एंड गो फ्री है। इसी कारण हर दिन विवाद की स्थिति बन रही है। इसके बाद भी रेलवे प्रबंधन ऐसी समस्या से ही हर बार इनकार कर देता है। रेलवे तो यह मानने को तैयार ही नहीं है कि पार्किंग की कोई समस्या बिलासपुर स्टेशन में हैं। हाल यह है कि पैसे नहीं देने पर साइकिल स्टैंड ठेकेदार के गुर्गे गुंडागर्दी करते हैं।

### सर्व शक्ति महामाया कुबेर श्री लक्ष्मी साधना महोत्सव आज से

**बिलासपुर।** कैलाश नारायण धाम व सरस्वती विहार दिल्ली तथा रतनपुर महामाया देव भूमि त्रिवेणी के तत्वावधान में त्रिवेणी भवन व्यापार विहार में 29 दिसंबर से तीन दिवसीय सर्व शक्ति महामाया कुबेर श्री लक्ष्मी साधना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वंदनीय शोभा माता व सदगुरू देव कैलाश श्रीमाली प्रत्येक साधक का मार्गदर्शन करेंगे। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में साधक का जीवन नवग्रह शनि संतोप दोष व समस्या निवृतिमय करने के लिए साधना पूजा व मंत्र जाप, अभिषेक, हवन कर साधकों को दीक्षा दी जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सफल बनाने के लिए योगेन्द्र श्रीवास्तव, संजय कौशिक, दुष्यंत कौशिक, अतुल भारद्वाज, विनीत शुक्ला, कोमल जायसवाल, ममता कौशिक, आरके पटेल, फकीर गुप्ता, दिनेश कौशिक, विक्रम जायसवाल आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

## तोरवा पावर हाउस चौक से लालखदान आरओबी और मोपका चौक से चिल्हाटी तक लगाई गई है लाइट

# नई स्ट्रीट लाइट से लालखदान व मोपका रोड जगमग

### सड़क से अंधेरा हुआ गायब



आकर्षक रोशनी से जगमगाया शहर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर का प्रमुख प्रवेश मार्ग मोपका और लालखदान रोड अब नए स्ट्रीट लाइट से जगमगा रहा है। 43 लाख 37 हजार की लागत से नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा मोपका चौक से चिल्हाटी तक और पावर हाऊस चौक तोरवा से लालखदान रेलवे ओवरब्रिज तक 27 लाख 16 हजार की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाया गया है।

इन दोनों मार्ग मोपका से चिल्हाटी में 102 नए पोल और 102 लाइट तथा लालखदान मार्ग में 56 नए पोल और 56 लाइट लगाई गई है। इससे अब पूरे मार्ग में रोशनी है, पहले इन सड़कों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से सड़क पर अंधेरा पसरे रहता था,जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी,साथ ही अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा शहर के दोनों बाहरी छोर से शहर पहुंचने पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने से प्रवेश मार्ग अधूरा सा लगता था। अब लाइट लगने से सड़क से अंधेरा गायब हो चुका है। निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत ने शहर के सभी ऐसे मार्ग जहां लाइट नहीं है वहां लाइट लगाने की कार्ययोजना पर काफी पहले से कार्य कर रहे हैं।

### मंगला,राजकिशोर और अशोक नगर में भी लगेगी लाइट

शहर की सभी बाहरी सड़कें जहां लाइट नहीं थी उनमें लाइट लगाया जा रहा है। जल्द ही शहर की तीन और प्रमुख मार्ग दुधिया रोशनी से जगमग होंगे। इनमें मंगला चौक से महर्षि स्कूल चौक तक 102 पोल और 102 लाइट,अशोक नगर चौक से पत्रकार कालोनी तक 216 पोल और 216 लाइट। इसी तरह राजकिशोर नगर चौक से छठघाट तक 216 पोल और 216 लाइट लगाया जाएगा।

### रायपुर और कोनी मार्ग में पहले ही काम पूरा हो चुका है

शहर के ऐसे मार्ग जहां रोशनी का अभाव था, उन मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगाने निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के निर्देश पर नगर निगम ने काम प्रारंभ कर दिया था। कार्य योजना के तहत तिफरा ओवरब्रिज से पेण्ड्रीडीह बाईपास तक 11 किमी में नए 367 पोल और 768 स्ट्रीट लाइट लगाया जा चुका है। इसी तरह माँ महामाया चौक से तुर्काडीह पुल तक लगभग 6 किमी की दूरी में 200 इलेक्ट्रिक पोल और 448 नए स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। जिससे पूरी सड़क में दुधिया रोशनी है। जगमल चौक से गुरूनानक चौक तक भी 30 पोल और 65 लाइट लगाए जा चुके हैं।

### निगम प्रशासन ने बनाया लक्ष्य

निगम प्रशासन ने यह लक्ष्य तय किया है की शहर का कोई सड़क स्ट्रीट लाइट विहीन ना रहें। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जिन सड़कों में लाइट नहीं वहां लाइट लगाया जा रहा है। इसके अलावा शहर के सभी प्रवेश मार्ग को चकाचक और स्ट्रीट लाइट से रोशन करने का भी कार्य किया जा रहा है।

### काटनी पड़ेगी पाइप लाइन, इसके बाद जोड़ा जाएगा ज्वाइंट

अमृत मिशन योजना के टेस्टिंग के दौरान सरकंडा पुल पर हुआ बड़ा लीकेज गुरुवार को भी ठीक नहीं किया जा सका। निगम की टीम दिन भर मशक्कत करती रही। दावा किया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए पाइप लाइन को काटना पड़ेगा। इसके बाद टी शेप में लगाए गए ज्वाइंट की ठीक किया जा सकेगा। ज्वाइंट ठीक करने के बाद पूरे क्षेत्र का कांक्रीटीकरण भी होगा जिससे की गाड़ियों के आवागमन के दौरान कंपन नहीं हो। फिलहाल यहां की सतह अभी भी गीली है। गौरतलब है कि गुरुवार की शाम अमृत मिशन योजना के टेस्टिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया था। पाइप लाइन जोड़े बिना ही पानी सप्लाई के लिए टेस्टिंग शुरू कर दी गई। जिसके कारण सड़क धंस गई। सड़क धंसने से हाईवा भी फंस गया था। अब मिली जानकारी के अनुसार निगम शहर में पाइप लाइन से पानी सप्लाई के लिए टेस्टिंग कर रहा है। जब मेन पाइप लाइन में पानी सप्लाई शुरू हुई तो तब प्रताप चौक स्थित पुराना पुल के पास पाइपलाइन को जोड़ा नहीं गया था। साथ ही खुले पाइपलाइन में कोई वाल्व भी नहीं लगाया था। इसके कारण पानी के प्रेशर से सड़क उखड़ गई और पानी बहने लगा और सड़क धंस गई। गौरतलब है कि नगर निगम ने अरपा पार सरकंडा से मेन पाइप लाइन को अरपा नदी पर बने पुराने पुल से होकर निकाला है। पुल के उस पार प्रताप टॉकिज चौक के पास पाइप लाइन को जोड़ना था, जहां से दो रास्ते पर पानी की सप्लाई होनी थी लेकिन, यहां ज्वाइंट कमजोर था। पुल के किनारे बनी नई सड़क पर मेन पाइप लाइन से करीब आधे घंटे तक प्रेशर के साथ बह रहा था, जिसके कारण करीब पांच मीटर तक सड़क भीतर ही भीतर खोखला हो गया था।

## अधूरे काम जल्द पूरे हों, पीएम आवास का आबंटन और भविष्य के लिए स्थान तय करें



नगर विधायक अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान श्री अग्रवाल ने पूर्ण हो चुके और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा। श्री अग्रवाल ने वर्तमान में निगम के वित्तीय स्थिति के संदर्भ में भी चर्चा कर राजस्व बढ़ाने निगम प्रशासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में निगम द्वारा शासन को प्रस्तावित कार्यों की सूची भी मांगी ताकि उसे स्वीकृत करा सकें। श्री अग्रवाल ने सड़क किनारे ठेले गुमटी लगाकर व्यापार करने वालों के लिए एक पॉलिसी तैयार करने को कहा ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्थित हो। इसके लिए शहर के अंदर अलग-अलग क्षेत्रों में खाली स्थान चिन्हित कर उनका व्यवस्थापन करने कहा। पीएम आवास के तहत पूर्ण हो चुकें मकानों को आबंटित करने के निर्देश दिए। अपात्र लोग जो अवैध रूप से काबिज है उनकी पड़ताल करने के भी निर्देश दिए। भविष्य में गरीबों के लिए पीएम आवास बनाए जाएंगे उसके लिए अभी से स्थान का चिन्हांकन करने को कहा।

- नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्यों की विधायक अमर अग्रवाल ने की समीक्षा

### अमृत मिशन का पानी शहर को मिले

विधायक श्री अग्रवाल ने अमृत मिशन के तहत अरपा नदी के इस पार शहरी क्षेत्रों को पानी जल्द उपलब्ध कराने कहा। व्यापार विहार में मालधक्का व्यापारियों को पांच साल पूर्व आबंटित जमीन में पजेशन दिलाने के लिए प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं शहर की सार्वजनिक संपत्तियों के मेंटेनेंस के लिए कार्ययोजना बनाने कहा।

## पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) के तहत आनलाइन आवेदन आमंत्रित है। योजनांतर्गत विद्यमान निजी एवं नवीन सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों जैसे राइस मिल, पोहा मिल, केटल फीड, बेकरी, नमकीन उद्योग, रेडी-टू-इट उत्पाद, मसाला उद्योग, पापड़, बड़ी, आचार, मुरमुरा उद्योग, फुटा चना उद्योग आदि को शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति पात्र उद्योंगो को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी परन्तु अधिकतम 10 लाख रुपए देने का प्रावधान है। लाभार्थी का कुल लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान राशि होगा एवं शेष राशि बैंक ऋण होगा। आवेदक आवेदन के लिए पीएमएफएमई के ऑनलाइन पोर्टल pmfme. mofpi. gov.in में रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना एवं आवेदन की प्रक्रिया की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग बिलासपुर से संपर्क कर सकते है। प्रबंधक शुभम शुक्ला, एवं प्रबंधक संदीप वर्मा से संपर्क कर सकते हैं।



FOLLOW US ON: @tvsraiderofficial | TVS RAIDER | VISIT US AT: www.tvsmotor.com/tvs-raider

Authorised Main Dealer: BILASPUR- CHANDRA TVS Tel. 9109119171. USLAPUR- CHANDRA TVS Tel. 8982438075. SARKANDA- CHANDRA TVS Tel. 8962006914

Authorised Dealer : TAKHATPUR - Kaushik Auto Tel. 7898677598. SIPAT - Maa Mahamaya Auto Centre Tel. 9617077778. RATANPUR -Shri Sai Services Tel. 9827123748. PENDRA - Sumeet Motors Tel. 9406007324. MUNGELI - Shri Niranjam Motors Tel. 7000103560. GAURELLA - Mittal Motors Tel. 9424153222. BILHA- CHANDRA TVS Tel. 8982438077 . CHAKARBHATA- CHANDRA TVS Tel. 8982438074 . LORMI- CHANDRA TVS Tel. 9770662663

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### रासेयो स्वयंसेवकों ने सफाई कर पचरी निर्माण में किया सहयोग



**बिलासपुर।** डीपी विप्र महाविद्यालय द्वारा ग्राम भकुर्रा नवापारा गनियारी के पास एनएसएस का विशेष सात दिवसीय शिविर लगाया गया है। इसमें स्वयंसेवकों ने साफ सफाई कर तालाब के पास पचरी निर्माण में सहयोग किया। नए तालाब निर्माण में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। स्वयंसेवकों का यह परिश्रम आने वाले समय में ग्राम के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में डॉ किरण दुबे कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रूपेश कुमार कार्यक्रम, प्रो. सविता विश्वकर्मा, अंकित चंद्रा, संतोष, खुशाल सिदार, विभांशु अवस्थी, संध्या, आकांक्षा, अंजली, शिवानी पांडेय, शिविर नायक गवेब्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उक्त जानकारी डॉ एम एस तंबोली ने दी।

### बरई- चौरसिया समाज के सम्मेलन में प्रतिभाओं का किया सम्मान



**बिलासपुर।** सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में बरई-चौरसिया समाज की वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामकुमार थवाईत, विशिष्ट अतिथि केशव महोबिया, राजेश तम्बोली, चेतन थवाईत, रामबनवास थवाईत, आरबी चौरसिया थे। सर्वप्रथम अजय एवं किरण थवाईत ने नागदेव व नाग बेल पूजन किया। सरगम थवाईत ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया । अध्यक्ष हनुमान थवाईत ने आगामी वर्ष में समाज के युवा मंच के गठन पर जोर दिया। समिति की सचिव अर्चना तम्बोली ने कार्यकारिणी व महिला सदस्यों से परिचय कराया। समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन वेदप्रकाश थवाईत एवं डॉ. हिमानी चौरसिया ने किया।

### छग राज्य स्तरीय महिला मंडल ने की सामाजिक विषयों पर चर्चा



**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह उपसमिति द्वारा 24 दिसंबर को छग राज्य स्तरीय महिला मंडल का कार्यक्रम बंधवा पारा सरकंडा में किया गया। कार्यक्रम में शादी, दहेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, शासकीय योजनाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इसमें राज्य के सभी 36 उपसमितियों के महिला मंडल अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी। बैठक में मुख्य अतिथि वंदना राजपूत, शालिनी राजपूत, मंजू सिंह थीं। कार्यक्रम में वसुंधरा ठाकुर, मिनी राजपूत, मीरा भुवाल, शशि बघेल, ज्योति राजपूत, ममता राजपूत, श्रद्धा राजपूत, संतोषी राजपूत, नंदनी राजपूत, कल्पना क्षत्रिय, अलका सिंह, मीरा क्षत्रिय, रानू क्षत्रिय, चंचल क्षत्रिय, माधुरी राजपूत, अलका क्षत्रिय, उत्तरा देवी, लता गहलौत, कावेरी क्षत्रिय, अनसुइया क्षत्रिय, पुष्पा क्षत्रिय, मालती क्षत्रिय, प्रतिभा सिंह, वंदना क्षत्रिय, ज्योति क्षत्रिय, वीणा सिंह आदि मौजूद थे।

### भरनी में गुरु घासीदास मेला का समापन, कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास की जयंती पर भरनी परसदा में 18 दिसंबर से तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। इसका समापन 20 दिसंबर को हो गया। मेला आयोजन समिति के सदस्य उमादत्त धिलहरे ने बताया कि गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भरनी में प्रदेश स्तरीय 51 वां गुरु घासीदास मेला का आयोजन किया गया। इसमें छग सहित अन्य प्रदेशों तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोने कोने से हजारों पंथी नृत्य के दल ने भाग लेकर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। मुंगेली के लैनदास सतनामी ने 24 घंटे का जल समाधि लिया। अमृत कुंड का दर्शन करने लोगों का तांता लगा रहा। मेला का सफल बनाने में जगदीश लहरे, मोती कोसले, राजकुमार खांडे, दसेराम खांडे, मंजू खांडे, जगत कोसले, तिरीथ राम, शिव कुमार कोसले, सुरेश खांडेकर, सत्येन्द्र खांड, पांचा बाई , लक्ष्मी खांडे, सुरेन्द्र कुर्रे, रती खांडे, चंद्र प्रभा , आसना, उमाशंकर , संगीता , सुनील जांगड़े, सुनील लहरे, संदीप मांडले, मनियारा बाई मांडले, आनंद कुर्रे, प्रीति खांडे, बनउ दास, जाटवर, जगतराम कोसले, शिवकुमार सोनवानी, राहुल बघेल, उमेन्द्र टंडन आदि का सहयोग रहा।

### अटल तिरंगा सम्मान समारोह नई दिल्ली में शहर के हितेश सम्मानित

**बिलासपुर।** सैल्यूट तिरंगा के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा के नेतृत्व में नई दिल्ली में अटल तिरंगा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश-विदेश के खेलकूद, साहित्य, गीत-संगीत, आध्यात्म, राजनीति, विज्ञान, समाज सेवा व देश की सुरक्षा से जुड़े एवं देशहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 चयनित विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से हितेश कुमार तिवारी भी शामिल रहे। यह सम्मान केंद्रीय उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय एवं सांसद मनोज तिवारी ने खेल और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु प्रदान किया। इस दौरान सैल्यूट तिरंगा के मुख्य संरक्षक व सांसद मनोज तिवारी ने रंगारंग गीत की प्रस्तुति दी। उक्त जानकारी सैल्यूट तिरंगा छत्तीसगढ़ की संगठन महामंत्री हर्षा ने दी।

# बिलासपुर में एक्सपोर्ट हब बनने की है पर्याप्त संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) नागपुर द्वारा बिलासपुर जिले में निर्यात को बढ़ावा देने और निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका आयोजन जिला प्रशासन और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अजय अग्रवाल, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एम एल कुसरे, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पदाधिकारी, इंडिया पोस्ट के अधिकारी, डीजीएफटी नागपुर के अधिकारी उपस्थित थे।

■ डीजीएफटी द्वारा कार्यशाला का आयोजन

कार्यशाला में जिले के विभिन्न व्यापारी, उद्योग स्वामी तथा स्वयं सहायता समुह की महिलाओं ने भाग लेकर निर्यात संबंधी अपने अनुभव साझा किए। डीजीएफटी की टीम ने निर्यात कैसे करे, फायनेंस का भाग, आईईसी का पंजीकरण तथा डीजीएफटी के स्कीम का लाभ लेने के संबंध में जानकारी दी। जिले को एक्सपोर्ट हब बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं जानकारी दी। डीजीएफटी के अधिकारियों ने बताय कि निर्यात को प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक श्री कुसरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मेक इन इंडिया एवं वोकल फॉर लोकल के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला से जिले में एक्सपोर्ट इकोसिस्टम डेवलप करने में सहयोग मिलेगा।

### आयात-निर्यात को लेकर उद्योगपतियों एवं अधिकारियों में विचार-विमर्श



कार्यशाला में उद्योगपतियों से चर्चा करते डीजीएफटी के अफसर।

### उद्योगों और उत्पादों को चयनित कर निर्यातक बनाना होगा

महाप्रबंधक श्री कुसरे ने बताया कि बिलासपुर में वर्तमान में ब्लैक डायमंड मोटर्स का उत्पाद ट्रेलर बॉडी और कृष्णा स्पेशलिटी केमिकल का केमिकल प्रत्यक्ष रूप से निर्यात में शामिल हैं। जिले में ऐसे अन्य और भी उद्योग है जिनमें निर्यात की क्षमता है, लेकिन जानकारी के अभाव में वे निर्यात की प्रक्रिया से दूर है। उन्होंने कहा कि जिले को निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए हमें अन्य उद्योगों और उत्पादों को चयनित कर निर्यातक बनाना होगा। जिससे हम अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिलासपुर की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

## महालक्ष्मी वरदान दिवस पर मारवाड़ी महिलाओं ने किया अग्रसेन महापाठ



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन बिलासपुर के तत्वावधान में विद्यानगर स्थित अग्रवाल भवन में कुलदेवी महालक्ष्मी वरदान दिवस के अवसर पर श्री अग्रसेन महापाठ और चालीसा का संगीतमयी पाठ किया गया।

प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अग्रवाल समाज की आशा, उषा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि मार्ग शीर्ष पूर्णिमा के दिन महाराजा अग्रसेन की तपस्या से प्रसन्न होकर कुलदेवी माता लक्ष्मी ने दर्शन देकर वरदान दिया था। इस दिन को महालक्ष्मी वरदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर संस्था की सदस्य आशा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मधु बगड़िया रजनी, प्रियंका, सरिता, किरण, भारती, सुनीता, बबीता, रजनी, सरोज, नेहा अग्रवाल, राधा मित्तल, रिंकू, माया मुरारका, सरोज सिंघल सहित अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही।

### अयोध्या में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 को



**बिलासपुर।** अयोध्या में आराध्य प्रभु श्री राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस उपलक्ष में अपने नगर, ग्राम में हो रहे उत्सव, आयोजन में मातृ शक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करने गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर में महिला समन्वय द्वारा एक बैठक रखी गई। अक्षत कलश वितरण में सहभागी बनने सुझाव दिए गए। साथ ही इसके लिए रूपरेखा भी बनाई गई। बैठक में बताया गया कि 22 जनवरी को घर में क्या करना है। वहीं अक्षत की पोटली बना लें एवं इसके साथ राम मंदिर का चित्र, निमंत्रण पत्रक कर लोगों को दें। यह भी कहा गया कि इस कार्य में खुद से भाग लेना होगा। साबूत चावल में घी व हल्दी मिलाकर अक्षत बना कर देना है। अक्षत वितरण कार्य के लिए श्रमदान व समय भी दे सकते हैं। इस मौके पर रश्मि द्विवेदी, पूर्णिमा सिंह, स्वाती, कमलिनी गुप्ता, प्रतिभा मिश्रा सहित अन्य कई समाज एवं आयाम की बहनें भारी संख्या में उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

## बिलासपुर स्टेशन को 435 करोड़ की लागत से दे रहे हैं नया रूप



बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बाहर निरीक्षण करते मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने "अमृत भारत स्टेशन" योजना के अंतर्गत स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जा रहा है । इसी कड़ी में बिलासपुर स्टेशन को 435 करोड़ रुपए की लागत से विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ नया रूप दिया जा रहा है ।

■ मंडल रेल प्रबंधक पाण्डेय ने किया स्टेशन का निरीक्षण, विकास कार्यों की रूपरेखा का किया अवलोकन

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर आधुनिक और सुविधायुक्त बनाकर एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा । इस रेलवे स्टेशन को नया लुक देने के लिए किए जाने वाले सभी कार्यों को मूर्त रूप देने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है । इसी संदर्भ में 28 दिसम्बर को मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होने जीएसडी कार्यालय से लेकर पार्किंग क्षेत्र, बुधवारी बाजार रोड, बापू नगर क्षेत्र, दोनों रेलवे स्कूल सहित पूरे स्टेशन सर्कुलेटिंग क्षेत्र का निरीक्षण किया।

**देखा मास्टर प्लान**

इस दौरान मास्टर प्लान के अनुसार बिलासपुर स्टेशन में किए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा की जानकारी ली। इसका अवलोकन कर उन्होने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सहित मंडल के सभी शाखाधिकारी व गति शक्ति यूनिट के अधिकारी मौजूद थे।

## एचएसएम ग्लोबल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति, मोह मन

**बिलासपुर।** एच एस एम ग्लोबल पब्लिक स्कूल दयालबंद का वार्षिक उत्सव 'स्पेक्ट्रम' बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौकसे ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. आशीष जायसवाल, अतिथि डॉ. रूजवेल्ट सायमन, डॉ.प्रेमांकुर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सरदार जसबीर सिंह चावला थे। आयोजन में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अति सुन्दर प्रस्तुति दी। जिसमें देशभक्ति, धार्मिक, मनोरंजक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम सम्मिलित थे। इसमें स्कूल के चेयरमैन डॉ. किरणपाल सिंह चावला, मैनेजिंग डायरेक्टर सुरिन्दर सिंह चावला ने स्कूल की उपलब्धियों, कार्यप्रबंधन एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में चर्चा की। वेलकम डांस,वेस्टर्न डांस,डिस्को फ्लिप्स,डायनमिक ड्रीमर्स की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। वहीं दूसरी ओर अवेयरनेस एक्ट, अवेयरनेस डांस इंग्लिश ड्रामा 'हील द वर्ल एवं कोरल वर्स ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। प्राचार्य सुनील मनोहर रोकड़े ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशेष अतिथि सरदार जसवीर चावला ने बच्चो को प्रोत्साहित किया। इसमें बच्चों को एकेडिमिक, वेस्ट बिहेवियर,अटेंडेंस हीरो,स्टूडेंट ऑफ द ईयर,बेस्ट हाउस विनर व रनरअप आदि पुरस्कार दिए गए।



## सामाजिक तथा आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला थे गुरु घासीदासः अमर

**बिलासपुर।** विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल गुरुवार को जरहा भाटा, मंझवापारा परिक्षेत्र में सतनामी समाज द्वारा आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अवतारी पुरुष बाबा गुरु घासीदास ने सतनाम पंथ की स्थापना की। गुरु घासीदास द्वारा दिए गए उपदेशों से समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व की पहचान और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। सामाजिक तथा आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला के प्रवर्तक थे। सतनाम पंथ के उपदेश सतनाम पर विश्वास, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, परस्त्री गमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना हैं आज भी लाखों अनुयायियों एवं सर्व समाज के लिए प्रासंगिक बने हुए हैं। श्री अग्रवाल जी कहा बाबा गुरुघासीदास ने अपने समय की सामाजिक आर्थिक विषमताओं, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया था।



**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम के दौरान मनीष अग्रवाल, महेश चंद्रिकापुरे, अशोक प्रजापति, शैलेंद्र यादव, सुरेश मनहर, छोटेलाल महिलांगे रतनलाल जोगी, ध्यान सिंह बंदे, शोभा कश्यप रुक्मणी सूर्यवंशी, उर्मिला चेलकर, पिंटू सूर्यवंशी, जितेंद्र अंचल उपस्थित रहे।

## बिजनेस प्लस

### विधायक अमर ने किया फार्च्यून रियल्टी के नए ऑफिस का शुभारंभ



**बिलासपुर।** फार्च्यून रियल्टी बिलासपुर के नए ऑफिस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने किया। फार्च्यून रियल्टी की साईं माया सिटी नगर की पहली हाई-टेक सिटी है जो समस्त आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस टाउनशिप में पार्क, स्वीमिंग पूल, ओपन जिम, मंदिर, टेनिस कोर्ट, वाईफाई आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। 60 फ़ीट चौड़ी सड़कों के साथ सीसीटीवी सिक्योर्ड कैंपस में स्वस्थ और खुशहाल जीवन रहता है। टाउनशिप में प्लॉट्स, रो-हाउसेस और विलाज के आकर्षक विकल्प हैं। इस अवसर पर फार्च्यून रियल्टी के संचालक आशीष जायसवाल, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र यादव, सुनील पांडेय, पुलकित बानवर भाजपा नेता राजेश पांडेय आदि मौजूद थे।

## संजीवनी हॉस्पिटल क्लाउड फिजिशियन से लैस, स्मार्ट आईसीयू लोकार्पित



हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** संजीवनी हास्पिटल में क्लाउड फिजिशियन की सुविधा मरीजों को मिल सकेगी, देश के नामचीन अस्पतालों की तरह स्मार्ट आईसीयू तैयार कराया गया है, जिसमें 24 घंटे डाक्टर मरीजों की निगरानी कर सकेंगे और अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर मरीजों का उपचार किया जा सकेगा।

गुरूवार को क्लाउड फिजिशियन तकनीक का लोकार्पण किया गया। संजीवनी हॉस्पिटल बिलासपुर के स्मार्ट आईसीयू यूनिट का शुभारंभ गुरूवार को किया गया। मुख्य अतिथि सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति वंश गोपाल, क्लाउड फिजिशियन के प्रवक्ता डॉ पर्थ घोष बैंगलोर, आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रशांत द्विवेदी,डॉ विनोद तिवारी डॉक्टर संजना तिवारी उपस्थित रहे। डॉ संजना तिवारी ने बताया कि क्लाउडफिजिशियन, एक डिजिटल रूप से उन्नत 24/7 सघन निगरानी वाले क्रिटिकल केयर समाधान है, जो देशभर के कई अस्पतालों में अपनी स्मार्ट आईसीयू सेवाएँ दे रही है।

**आयुष्मान से मिलेगा फायदा**

डॉ विनोद तिवारी ने बताया कि लोगों को राहत देने के लिए शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के अनुसार मरीजों को भी फायदा पहुंचाया जाएगा। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ऐसे में यहां पहुंचने वाले मरीजों को आईसीयू में भर्ती होने पर भी आयुष्मान कार्ड से शुल्क ली जा सकेगी।

डायरेक्टर डॉ.विनोद तिवारी ने कहा कि देश में इंटेसिविस्ट की कमी को दूर करने और गंभीर रूप से बीमार रोगियों को प्रदान की जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए हर अस्पताल को एक स्मार्ट आईसीयू की आवश्यकता है। क्लाउडफिजिशियन के सीईओ और को-फाउंडर ध्रुव जोशी ने कहा कि रोगी को उच्च गुणवत्ता की क्रिटिकल केयर उपलब्ध कराने के लिए यह तकनीक उपयोग में लाई जाती है। क्लाउडफिजिशियन में टेक्नोलॉजी और अत्यंत विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीमों के मेल से मरीजों के लिए सर्वश्रेष्ठ संभव देखभाल मुहैया करता है।

## पॉलिटिक्स प्लस

### हैं तैयार हम राष्ट्रीय रैली में शामिल हुए शहर के कांग्रेस नेता



**बिलासपुर।** कांग्रेस के 139 वह स्थापना दिवस पर महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित है तैयार हम राष्ट्रीय रैली में शामिल होने बड़ी संख्या में प्रदेश एवं जिले के कार्यकर्ता पहुंचे थे। राष्ट्रीय रैली को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खान के कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चरण दास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक भेजना भी संबोधित किया। रैली में बिलासपुर जिले से कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, जिला अध्यक्ष विजय पांडे, विजय केसरवानी, अभय नारायण राय, प्रमोद नायक, महेंद्र गंगोत्री, महेश दुबे, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, समीर अहमद , तैयब हुसैन, जिला पंचायत सभापति जितेंद्र पांडे, शिवबालक कौशिक, अनिल गुलहरे, सुनील कुमार, वीरेंद्र दर्शन, संतोष कौशिक आदि शामिल हुए।

## सांस्कृतिक स्पर्धा में दपूमरे बिलासपुर ने जीता द्वितीय पुरस्कार

**बिलासपुर।** अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत-2023) का आयोजन दक्षिण पश्चिम रेलवे हुबली में 18 एवं 19 दिसम्बर को किया गया । इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 4 कलाकारों ने हुबली में सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सुगम संगीत/एकल में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार जीतकर दपूमरे बिलासपुर जोन का नाम रौशन किया है।

जिसमें मुख्य कार्यालय अधीक्षक माधवी सिंह, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी बिलासपुर टीम मैनेजर के मार्गदर्शन में 4 प्रतियोगियों ने 4 विभिन्न विधाओं में भाग लिया था। इसमें कार्यालय अधीक्षक, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर, सुगम संगीत / एकल में पुष्पा शर्मा ने शानदार प्रस्तुती दी। कार्यालय अधीक्षक वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी नागपुर शास्त्रीय गायन/एकल में पंकज बी जाधव,वरिष्ठ क्लर्क मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी बिलासपुर देवेन्द्र श्रीवास ने शास्त्रीय वादन / एकल में दी प्रस्तुति। इसी तरह मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी बिलासपुर के क्लर्क अनुराग भट्टाचार्य ने सुगम वादन व एकल में भाग लिया। अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता के इस कार्यक्रम में पुष्पा शर्मा बिलासपुर ने सुगम संगीत/एकल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवांवित किया । उनकी इस उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय बिलासपुर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अफसर।



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा आज

**बिलासपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहर से लेकर गांवों तक केंद्रीय योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से वैन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में 29 दिसम्बर को बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कडरी, बेलतरा, संबलपुरी एवं भोजपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देगी। इसी तरह कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करका, परसदा, दवनपुर, शिवतराई में, मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कौवाताल, ठाकुरदेवा, बरेली, डगनिया में, तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घुटकू, तुर्काडीह एवं निरतू में भी यह वैन पहुंचेगी।

### लिपिकों को मिलेगा लेखा प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** शासकीय कार्यालयों में पदस्थ लिपिक वर्ग के कर्मचारियों के लिए मार्च से जून 2024 तक लेखा प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर में किया जाएगा। यह प्रशिक्षण बिलासपुर संभाग के कर्मचारियों के लिए है। जिसके लिए सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों को सूचित किया गया है कि वे 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र को न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में जमा करें। आवेदन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक जमा कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी पुनः आवेदन करना अनिवार्य है। कोविड 19 टीकाकरण का प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य है।

### स्टेटस में फोटो डाली और लगा ली फांसी

**बिलासपुर।** मोबाइल के स्टेटस में फांसी लगाकर फोटो अपलोड कर ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सरकण्डा थाना के एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने बताया, दैहानपारा निवासी ड्राइवर कपिल नारायण पाण्डेय पिता व्यास नारायण पाण्डेय 35 साल की पत्नी मृत्यु कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा गई हुई हैं। बुधवार की रात 11.58 बजे कपिल ने अपने मोबाइल के स्टेटस में साड़ी से फांसी लगाकर फोटो अपलोड की और कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्टेटस में फोटो देखकर घरवाले उसके कमरे में गए तो उसकी फांसी पर लटकी लाश मिली। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली तो सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने आत्महत्या करने के लिए पत्नी से मांफी मांगी है और पैसे की लेनदेन की बात लिखी है। बताया जाता है पूर्व में वह कई बार फांसी लगाने की कोशिश कर चुका था। पुलिस सुसाइड नोट व मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है।

### तस्वीरें बता रही हैं किस हद तक खेला गया खेल, महावीर नगर मोड़ से ओवरब्रिज तक पूरी सड़क और नाली टेढ़ी मेढ़ी

# बचाने-उजाड़ने के खेल में प्रोजेक्ट का हुआ कबाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

महावीर नगर मोड़ के पास से उसलापुर ओवरब्रिज तक 80 फीट (25 मीटर) चौड़ी नई सड़क बनाई जा रही है। सड़क के दोनों ओर डेढ़-डेढ़ फीट का फुटपाथ और एक-एक फीट का ड्रेन भी बनना है। अधिकारियों की मिलीभगत और रसूखदारों के दखल से चल रहे बचाने और बिगाड़ने के खेल में पूरे प्रोजेक्ट का कबाड़ा सा कर दिया है। पूरी सड़क और नाली टेढ़ी मेढ़ी बन रही है। हरिभूमि ने मौके का जायजा लिया तो पूरा गोलमाल साफ़ दिखाई दिया।यहाँ तस्वीरें बता रहीं हैं आखिर किस हद तक खेल खेला गया है। सड़क कहीं 17 मीटर चौड़ी तो कहीं 20 मीटर और कहीं 25 मीटर बन रही है। यहां तक कि नाली को कुछ घरों के बीच से निकाला जा रहा है क्योंकि पूरा कब्जा नहीं तोड़ा गया है। सबसे बड़ा सवाल कि जब यह पूरा मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है और नाली निर्माण से लेकर दूसरे कार्यों पर विवाद है तो आखिर ठेकेदार काम कैसे कर रहा और निगम से उसे अनुमति कैसे मिल जा रही है।

- कहीं 17 मीटर चौड़ी तो कहीं 20 मीटर और कहीं 25 मीटर बन रही

ध्यान रहे कि मंगला चौक के आगे महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक खसरा नंबर 1552 की जमीन 1972-73 में रेलवे से निगम के अधीन है। सन 1928 में यहां से मुंगेली-कवर्धा-मंडला रेलवे लाइन का प्रस्ताव था। यह भूमि रविंद्रनाथ टैगोर चौक पुराना बस स्टैंड, राजीव प्लाजा, सूर्या होटल होते हुए इमलीपारा रोड, लिंक रोड, नेहरू नगर, नर्मदा नगर से महावीर नगर होते हुए उसलापुर के आगे तक है। निगम इसी जमीन पर 80 फीट सड़क बना रहा है। इसके लिए कई रसूखदारों का कब्जा तोड़ा गया है जो सालों से इस बेशकीमती जमीन पर काबिज थे। उस समय निगम की काफी सराहना हुई थी। अब लेकिन इसमें भी खेल कर दिया गया है।



ये आड़ी टेढ़ी नाली बता रही है कि रसूखदार सरकार पर कितने भारी हैं।



### यह है मौके की हालत

- इंडियन आयल पेट्रोल पंप से होते हुए राजेन्द्र सिंघानिया के घर के आगे 25 मीटर कब्जा तोड़ा गया है। यहां सड़क सीधी और 25 मीटर की है। इसके बाद से डीडी बजाज, संतोष सिघानिया और फिर कबीर चड्ढा का घर है। यहां सड़क को पतला करते हुए करीब 15.5 मीटर चौड़ी ही सड़क बन रही है।
- एक बिल्डिंग के दोनों तरफ से 17 मीटर की नाली बन रही है जबकि 24 मीटर में बनना था। कब्जा नहीं हटाए जाने के कारण पिलर के बीच से नाली निकालने की नौबत आ गई है। नाली बन भी रही और सैंट्रिंग तक हो रही है।
- इसी लाइन में करतार सिंह की जो जमीन है वहां सबसे चौड़ी 28 मीटर में नाली का निर्माण हो रहा है। इसी से आगे हरी चटनी 21 मीटर में नाली से लगा पाटीदार भवन है जिसकी बाउंड्री को नहीं तोड़ा गया और वहां 21 मीटर में नाली बन रही है। जाहिर है सड़क और नाली टेढ़ी ही बनेगी। खास बात है कि जो सीमांकन और सर्वे रिपोर्ट बताया जा रहा है उसमें नाली और सड़क को सीधा बताया गया है।
- पाटीदार भवन के पास से नाली को फिर से घुमाते हुए टेढ़ा बनाते हुए 20-20 मीटर का कर दिया गया है।
- पेट्रोल पम्प के पास 24 मीटर पर नाली बननी थी लेकिन राजेन्द्र सिंघानिया के घर से इस नाली को मोड़ दिया गया है और इसे 17 मीटर का ही बनाया जा रहा है।

### खसरा नंबर तक बदल दिया

कुछ खास लोगों की जमीन बचाने के लिए निगम और राजस्व की टीम ने खसरा नंबर तक की स्थिति को बदल दिया। मिसल और चालू नक्शे को देखें तो मौके पर खसरा नंबर 1585 आगे और 1594 की जमीन पीछे है। कब्जा तोड़ने और हटाने के दौरान लेकिन इसे बदल दिया गया है। अब स्थिति इससे उलट हो गई है। खास बात है कि सीमांकन करने वाली टीम ने पंचनामा में खुद स्वीकार किया है कि चांदा-मुनारा नहीं होने के कारण नजदीकी खसरों के मिलान के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है।

### सीमांकन के दौरान फिर हंगामा

दूसरी ओर इस सड़क पर जमीन के सीमांकन और पंचनामे का विवाद अभी तक थमा नहीं है। राजस्व और निगम के अमले ने गुरुवार को सीमांकन किया। इसे पूरा नहीं किया जा सका इसलिए कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी। गुरुवार को लेकिन सीमांकन के दौरान जमकर विवाद हुआ। दरअसल पिछले दो दिनों में उसलापुर रेल लाइन से पाटीदार भवन तक और फिर उसके आगे सीमांकन और मार्किंग की गई। इस दौरान नए सिरे से चिह्नांकन किया गया। जहां चिह्नांकन किया गया है, वहां फिर तोड़फोड़ होगी। चिन्हांकन और सीमांकन पर आपत्ति करते हुए 50 से अधिक लोगों ने हंगामा किया। इन भू स्वामियों का कहना था कि पूर्व में आरआई और पटवारियों ने नापजोख करने के बजाय मोबाइल से गूगल मैप से सीमांकन किया। किसकी, कितनी जमीन है ये भी नहीं बता पाए। इस पर मैनुअल नापजोख की गई है, लेकिन भूस्वामियों को यह नहीं बताया जा रहा है कि किसकी कितनी जमीनें जा रही है। यही नहीं पहले के सीमांकन को गलत और अभी को सही बताया जा रहा है। विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार मुकेश देवांदन और नायब तहसीलदार हितेश साहू को पहुंचना पड़ा। अधिकारियों ने भू स्वामियों से उनकी आपत्ति ले ली है।

### पेश की जाएगी रिपोर्ट

हाईकोर्ट के आदेश के बाद खसरा नंबर 1552 की पूरी जमीन का सीमांकन किया जा रहा है। रकबा काफी बड़ा है इसलिए इसमें समय लग रहा है। शुक्रवार को काम संभवतः पूरा कर लिया जाएगा। कुछ लोगों ने सीमांकन पर आपत्ति की है जिसे लिया गया है। राजस्व विभाग की टीम में पटवारी, राजस्व निरीक्षक से लेकर इंजीनियरों की टीम शामिल है। राजस्व दस्तावेज और नक्शे के आधार पर मार्किंग और सीमांकन हो रहा है। जल्द ही रिपोर्ट पेश कर दिया जाएगा।

- अतुल वैष्णव, तहसीलदार

# 45% शिक्षकों ने पदोन्नति का किया बहिष्कार, 248 में 158 ही पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय शिक्षा विभाग में गुरूवार दूसरे दिन भी शिक्षकों की पदोन्नति के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया चली। दूसरे दिन भी पद छिपाने और पदोन्नति उपरांत अधिक दूरी में पदस्थापना देने की बात को लेकर शिक्षकों ने हंगामा मचाया इस दौरान 45 प्रतिशत शिक्षकों ने इस पदोन्नति काउंसलिंग का बहिष्कार कर दिया।

- 900 रिक्त पदों वाले स्कूलों में 250 का ही चयन कराने का दे रहे थे अवसर

248 में से केवल 158 ने पदोन्नति के लिए सहमति दी और 90 लोगों ने पदोन्नति लेने से इनकार कर दिया। दरसल संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय शिक्षा विभाग तारबाहर में हिन्दी विषय के 248 पदों पर शिक्षकों को पदोन्नति देने के लिए 27 और 28 दिसंबर को काउंसिलिंग रखी गई थी। ऐसे में संभाग के 900 स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों का पद खाली हैं। लेकिन काउंसिलिंग के दौरान केवल 250 पदों को ही चयन करने अवसर दिया जा रहा था। ऐसे में काउंसिलिंग के अंतिम दिन भी हंगामा हुआ और 90 शिक्षकों ने पदोन्नति लेने से ही इनकार कर दिया। ऐसे में अफसरों ने 248 में से 158 शिक्षकों की काउंसिलिंग की और उनके सहमति वाले स्थान पर उन्हें पदोन्नत किया गया।



पदोन्नति को लेकर आयोजित काउंसिलिंग में शामिल शिक्षक।

### बचे पदों पर नए नियम से होगी पदोन्नति

हिन्दी शिक्षक के 248 और पीटीआई के 19 पदों में पदोन्नति के लिए दो दिनों तक काउंसिलिंग प्रक्रिया चली। इसमें हिन्दी के 158 शिक्षकों ने काउंसिलिंग के दौरान पदोन्नति वाले स्थान में जाने के लिए सहमति दी। 90 शिक्षक ने पदोन्नति नहीं ली। 18 पीटीआई ने भी पदोन्नति का लाभ लिया है। अब जो पद खाली बचे हैं। उसमें नए साल में नए नियमों के तहत पुनः पदोन्नति की जाएगी। लेकिन अब विषयवार पदोन्नति समाप्त कर दी जाएगी। ओवर ऑल वरिष्ठता सूची से पदोन्नति दिया जाएगी। कुछ शिक्षकों ने पदोन्नति के बाद मिलने वाली जगह अधिक दूर होने के कारण पदोन्नति नहीं ली है।

-भूपेंद्र कौशिक, सहायक संचालक शिक्षा।

# कोहरे का असर, नहीं आ पा रही है फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को उन्नत करने की योजना दम तोड़ रही है, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है, अलायंस एयर और एयरपोर्ट अथारिटी की लापरवाही के चलते पिछले दो दिनों से बिलासा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी है। हलत यह है कि कोहरे के चलते फ्लाइट टेकऑफ और लैंडिंग में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- लगातार दो दिन नहीं पहुंच सकी अलायंस एयर की फ्लाइट

बिलासा एयरपोर्ट से महज एक विमान की सेवा है, 24 घंटे में एक ही विमान प्रयागराज, जबलपुर होते हुए दिल्ली पहुंची है लेकिन इस सेवा पर भी ग्रहण लगता रहता है। दरअसल सर्द हवाओं के बढ़ते ही देश भर में कोहरे का कहर जारी है, जिससे विमानन सेवा भी अछूता नहीं है। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से एयरपोर्ट पर फ्लाइट नहीं उतर सकी है। बुधवार को कोहरे की वजह से ही फ्लाइट रायपुर में लैंड करानी पड़ती थी, वहीं गुरूवार को भी प्रयागराज से आने वाली फ्लाइट नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते यात्रियों को मायूस होना पड़ा। दिल्ली में जमकर कोहरा बन रहा है, जिसके चलते सुबह 11 बजे तक आसमान साफ नहीं हो पता है, जबकि दिल्ली की फ्लाइट सुबह 7.30 से टेकऑफ होकर प्रयागराज पहुंचती है और करीब 11 बजे बिलासपुर पहुंचती है। ऐसे में कोहरा घना होने के कारण फ्लाइट की टाइमिंग को रिशेड्यूल कर दिया गया है जिसके चलते बिलासपुर फ्लाइट नहीं आ पा रही है, यह स्थिति कब तक रहेगी इस बारे में कोई भी जवाब देने से अधिकारी बच रहे हैं।



### नेविगेशन उपकरण के चलते विजिबिलिटी की कमी

बिलासा एयरपोर्ट में 4 एयरपोर्ट के लायक जरूरी उपकरण नहीं है, ऐसे में एयरपोर्ट में लैंडिंग और टेकऑफ करने वाली फ्लाइटों के आपरेशन में दिक्कत आती है। वहीं उपकरणों की कमी के चलते विजिबिलिटी के सही मापन में गडबड़ी होने के चांस बढ़ने का अंदेशा होता है, जिसके कारण पायलेट लैंड कराने से बचते है। एयरपोर्ट में अभी तक वेदर नेविगेशन सिस्टम तक नहीं लग सका है। वहीं डाप्लर वेरी हाई फ्रिक्वेंसी ओम्नी रेंज और हाई पॉवर डिस्टेंस मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट भी नहीं लगाया गया है, साथ ही नाइट लैंडिंग की फैसिलिटी भी आधी अधूरी ही है।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का कलेक्टर अवनीश शरण ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 3सी आईएफआर के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। उनके साथ एयरपोर्ट डायरेक्टर एनबी सिंह, एसडीएम हरिओम द्विवेदी, पीडब्ल्यूडी ईई सीके पांडेय उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की क्लास ली और एयरपोर्ट पर चले रहे पैरामीटर बाउंड्रीवाल, आईसोलेशन बे, फायर एप्रोच रोड, लेबलिंग आदि कार्य में हो रही देरी को लेकर आड़े हाथो लिया। अधिकारियों ने जल्द कार्य पूरा होने की बात कही है।

### कोहरे के कारण हो रही समस्या

दिल्ली में कोहरा बना हुआ है, जिसके चलते फ्लाइट री शेड्यूल हुआ था, लेकिन गुरूवार को फ्लाइट नहीं आ सकी है।

-एनबी सिंह, डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट

# वाहन की टक्कर से लोको पायलट सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बीती रात ढाबा से खाना खाकर लौट रहे बुलेट सवार लोको पायलट व उसके भाई को अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई है।

कोनी टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, रिवरव्यू कालोनी निवासी विवेक कुमार राय पिता विनय कुमार राय 28 साल उसलापुर रेलवे स्टेशन में लोको पायलट थे। उनका भाई अभिषेक राय 26 साल कोनी स्थित जय आटो मोबाइल में मैनेजर थे। 27 दिसंबर की रात दोनों भाई खाना खाने रतनपुर रोड स्थित ढाबा गए थे। रात 11.30 बजे खाना खाने के बाद दोनों बुलेट क्रमांक सीजी 10 बीएम, 4356 में घर लौट रहे थे। तुर्काडीह चौक के पहले महामाया रेसीडेंसी के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान वहां लोगों को काफी भीड़ जमा हो गई। किसी तरह राहगीरों की सूचना पर डायल 112 से दोनों भाइयों को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद अभिषेक राय को मृत घोषित कर दिया गया था।

- रतनपुर रोड स्थित ढाबा में खाना खाने गए थे
- मृतक दोनों भाई थे

वहीं परिजनों के द्वारा बड़े भाई विवेक कुमार राय को इलाज के लिए रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया था। 28 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई है। कोनी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, पथरिया निवासी विजय यादव सरकण्डा बिजौर में रहकर निजी संस्थान में काम करते थे। 27 दिसंबर को वे रिश्तेदार के घर परसदा दशगात्र में शामिल होने गए थे। रात 9 बे बाइक से परिचित के घर खैरा चपोरा जा रहे थे। खैरा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 से उन्हें रतनपुर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के ड्राइवर के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक पर शराबियों ने राड से किया हमला

**बिलासपुर।** रात में आग ताप रहे युवक को नशे में धुत दो भाइयों ने मारपीट कर लोहे की राड से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी आवास निवासी राकेश डहरिया पिता आशाराम डहरिया 27 दिसंबर को 11.30 बजे घर के सामने साथी विरेन्द्र, अर्जून के साथ आग तापते बैठे हुए थे। इसी दौरान आशाराम, आनंद दोनों शराब पीकर आए। राकेश ने दोनों को घर जाने के लिए । उसके बाद भी दोनों भाई उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर लोहे के राड से ताबड़तोड़ मारपीट किया गया है।







## खबर संक्षेप

### शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**दगोरी।** लगातार 29 वर्षों से आदर्श क्रिकेट क्लब द्वारा यहां शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन यहां किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यहां प्रतियोगिता का आयोजन हायर सेकंडरी शाला परिसर किया गया है। कुल 32 टीमों को प्रवेश दिया गया है। अतिथियों की उपस्तिथि में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच में गोढ़ी ने अंडा बदरा टीम को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। शुभारंभ अवसर पर घनश्याम कौशिक, कृष्ण चंद्र महापात्र, बिन्दा निषाद, प्रदीप कौशिक, राधेश्याम साहू, छन्नूराम निषाद, चुन्नीराम कौशिक, रामाधीन केवट, लखन लाल, बिंदा यादव सहित आदर्श क्रिकेट टीम कप्तान संतोष पारकर, बरन केवट, पवन सन्नाट, रामकिशन, राजकुमार निषाद टीम के सभी सदस्य के अलावा आए हुए टीमों के खिलाड़ी ग्रामवासी, खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आयोजन में रोज दो टीमों के खेल का आयोजन होगा। ग्रामवासी बड़े ही उत्साह के साथ खेल का आनंद ले रहे हैं।



### समाज को सुधारना है तो युवाओं को नशे से रहना होगा दूर



**मरवाही।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते आदिवासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खुरपा में 21 से 27 दिसंबर तक नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित किया गया। जिसका समापन विगत दिवस मरवाही के नवनिर्वाचित विधायक प्रणव मरपच्ची व ग्राम पंचायत सरपंच सुंदरिया बाई की अध्यक्षता में हुआ। विधायक श्री मरपच्ची का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार साहू, छात्र संघ अध्यक्ष देवनारायण पूरी, कविता यादव, खिलेश प्रजापति, पितांबर सिंह ने, लोकेश गुप्ता सिवनी का स्वागत छात्र अमित बनर्जी व प्रांजल झरिया ने एवं ग्राम पंचायत सरपंच का स्वागत प्रगति धुर्वे ने किया। इस मौके पर श्री मरपच्ची ने कहा कि युवाओं ने स्वच्छता के लिए, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त समाज के लिए युवा कार्य किया गया जिससे ग्रामीणों को सीख लेना चाहिए तथा समाज को सुधारना है तो युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए।

### रामगढ़ के आनंदाश्रम में जरूरत की सामग्रियों का वितरण



**मुंगेली।** नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधन एवं छात्रों द्वारा रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम एवं बाल आश्रम में दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण किया गया। संस्था द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम में रहने वाले वृद्ध एवं छात्रों को वस्तुओं का वितरण किया गया। इस तरह के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में समाज के जरूरतमंदों को सहायता करने की भावना का विकास करना है। आश्रम में दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे चायपत्ती, शक्कर, पोहा, सुजी, शैंपू, साबुन, बिस्किट, टोस्ट एवं कॉपी, पेन, पेंसिल आदि का वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के शिक्षक नलिनी ठाकुर, श्वेता तिवारी, मृणालिनी मसीह कमला पटनायक एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सुरेठा में लगा रासेयो का सात दिवसीय शिविर, नारी शिक्षा पर दिया गया जोर



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला इकाई सरस्वती शिशु मंदिर का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सुरेठा में किया गया। के प्राचार्य चंद्रभान तिवारी ने बताया कि समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोफेसर एनके पुरले ने कहा कि रासेयो के स्वयं सेवक सात दिनों मे समाज में जाकर लोगों से मिलना उनसे स्वच्छता, रूढ़िवादिता, बेटियों का महत्व, राष्ट्र सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम सुरेठा के सरपंच राधेश्याम निषाद ने स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कार्यक्रम अधिकारी सतीश बघेल एवं स्वयं सेवकों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर दलनायक जितेंद्र साहू एवं समीर पांडे ने स्वागत किया चंद्रभान तिवारी द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। सहायक क्रार्यक्रम अधिकारी सुनील साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नरेंद्र श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सतीश बघेल ने किया। इस अवसर पर सभी आचार्य, आचार्या, विवेकानंद बाल कल्याण समिति के पदाधिकारीगण एवं ग्राम सुरेठा के ग्राम सचिव टुकेश्वरी तिवारी, रतन मानिकपुरी, सुंदर दास मानिकपुरी, बलवंत निषाद, मोहन श्रीवास एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### शासकीय स्कूल में कोर्स को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

# स्कूलों में कोर्स पूरा कराने आपाधापी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही स्कूलों में कोर्स पूरा कराने के लिए आपाधापी मच गई हैं। जिले के ज्यादातर हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में दिसंबर माह में भी 60 फीसदी कोर्स पूरा नहीं हो पाया हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं की प्रेक्टिकल परीक्षा के लिए परीक्षा तिथि भी घोषित कर दी हैं। शासकीय स्कूलों में कोर्स को लेकर स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं हैं।

जिले के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था को लेकर सालभर परेशानी बनी रही। हायर सेकण्डरी स्कूलों में व्याख्याता वर्ग में विषयवार शिक्षकों की कमी हैं। स्कूल शिक्षा के साथ माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत खुले और प्रमोशन के चलते शिक्षकों की कमी के कारण सभी विषयों की सही ढ़ंग से पढ़ाई नहीं हो पाई हैं। इसके अलावा कहीं शिक्षकों की संख्या में कमी रही तो कहीं व्यवस्था बनाने के बाद भी पढ़ाई की स्थिति भी नहीं सुधर पाई हैं। वर्तमान में विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है।

विधानसभा चुनाव में जहां स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हुआ, वही अब शीतकालीन की छुट्टी को लेकर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कोर्स पूरा नही होने की वजह से आने वाले समय में परेशानी बढ़ जाएगी। एक तरह से स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित होगी। इस वजह से पढ़ाई पर असर पड़ेगा। इसकी वजह से पैरेंट्स परेशान हो रहे हैं। कोर्स पूरा कराने को लेकर शहर के स्कूलों में भी स्थिति कुछ ठीक हैं। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अभी तक 50 फीसदी कोर्स पूरा कराने की बात सामने रही हैं। कई विषयों में कोर्स पूरा हो गया तो कहीं कुछ विषयों में विषय विशेषज्ञों को उच्चाधिकारियों द्वारा दौरा कर कोर्स जल्द पूरा कराने कहा गया हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके उलट स्थिति हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अनेक स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पाया हैं। कुछ विषयों के शिक्षकों को छोड़कर बाकी विषयों के लिए बच्चों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही हैं।

#### कराई जा रही परीक्षा की तैयारी

स्कूल में 70 प्रतिशत कोर्स पूर्ण होने की स्थिति में हैं। स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले कुछ शिक्षकों को नोटिस जारी कर कोर्स समय पर पूर्ण कराने कहा गया हैं। परीक्षा की तैयारी भी कराई जा रही हैं।

-जीआर चतुर्वेदी, डीईओ मुंगेली

## प्रसूता के आपरेशन में लापरवाही फर्जी डॉक्टर को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



प्रसूता के आपरेशन में लापरवाही और मौत के मामले में फर्जी डाक्टर को जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी एसआई शोभा यादव ने बताया कि सल्लेया चौकी जूनापारा निवासी दुर्गेश कुमार राजपूत पिता हीरालाल उम्र 23 वर्ष की पत्नी शारदा राजपूत उम्र 22 वर्ष को 50 बिस्तर लोरमी अस्पताल में डिलवरी के लिए भर्ती कराया था। उसकी हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया था, लेकिन एम्बुलेन्स वाले की सलाह पर उसे आन्या हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां प्रसूता की मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने विवेचना के लिए आन्या अस्पताल के संचालक महेन्द्र साहू व मैनेजर जितेन्द्र साहू से पूछताछ की तो उनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे। महेन्द्र साहू तथा जितेन्द्र साहू ने अपने अस्पताल में बाहर से डॉक्टर बुलाकर बिना लायसेंस के अस्पताल संचालित कर एवं बिना डिग्री प्राप्त किये सर्जन नागेश्वरमणी पटेल को बुलाकर आपरेशन कराया। ऑपरेशन के दौरान पीड़िता की हालत गंभीर होने पर उसे छोड़कर डाक्टर भाग गया और प्रसूता की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी महेन्द्र कुमार साहू, जितेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा था। प्रकरण में फरार आरोपी बिना डिग्रीधारी डॉक्टर नागेश्वरमणी पटेल की लगातार पतासाजी की जा रही थी, उसे लोकेशन प्राप्त होने पर तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### नपं उपाध्यक्ष इस्तीफा को निरस्त कराने पहुंचे कलेक्टर कार्यालय



**लोरमी।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने इस्तीफा को निरस्त करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने जल्दबाजी में इस्तीफा को भावनात्मक रूप से परिवारिक दबाव में देना बताया। इधर नगर पंचायत में राजनीतिक घटनाक्रम से हड़कंप मच गया। एक दिन पूर्व ही वार्ड 3 के कांग्रेस पार्षद एवं नप उपाध्यक्ष ने सीएमओ लालजी चन्द्राकर को अपना त्यागपत्र दिया। 28 दिसम्बर को कांग्रेस पार्षद दल के साथ कलेक्टर को इस्तीफा पत्र को निरस्त करने गुहार लगाने पहुंच गए। बताया जा रहा है इस त्याग पत्र के पीछे उनका स्वयं का निर्णय था। जब कांग्रेसी पार्षदों एवं संगठन में इसकी जानकारी हुई,तो वह आनन फानन में इस निर्णय के खिलाफ कलेक्टर के पास आवेदन लेकर पहुंच गए। अब इस घटनाक्रम के बाद सत्ता धारी दल भाजपा चुप बैठने वाली नहीं है। कांग्रेस नेता व पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने कहा कि इस्तीफा विधि सम्मत नहीं है। त्यागपत्र देने का कोई मतलब ही नहीं है।

### रासेयो शिविर में बच्चों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी



**मल्हार।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार द्वारा शासकीय विद्यालय बुढीखार में विशेष शिविर के छठवें दिन गुरूवार को सडक सुरक्षा जागरूकता यातायात नियम जरूरी क्यों इस विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी करूणेश कुमार नापित, गोकुल पाटले व प्राचार्य प्रदीप वैष्णव ने सडक सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विस्तृत और रोचक प्रकाश डाला।कार्यक्रम में समाजसेवी गणेशदत राजू तिवारी ने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करते हुए बताया की बिना हेलमेट और दुपहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बैठ सकते।

### अपर कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय पथरिया का निरीक्षण



**मुंगेली/पथरिया।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने तहसील कार्यालय पथरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां तहसीलदार न्यायालय में लंबित अविवादित नामांतरण बंटवारा, विवादित नामांतरण बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का अवलोकन किया और लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डब्ल्यू. बी. एन. शाखा एवं वाचक शाखा के विभिन्न पंजियों को अवलोकन किया और आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम पथरिया बीआर ठाकुर मौजूद रहे।

**जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक 2 जनवरी को**

कलेक्टर राहुल देव की अध्यक्षता में जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक जिला चिकित्सालय में 2 जनवरी को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने सभी संबंधितों को समय में उपस्थित होने कहा गया है।

### गुरमत सिखलाई कैंप में शामिल हुए सिख समुदाय के लोग



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ संयुक्त कमेटी एवं तेलीबांधा रायपुर बाबा बूढ़ा साहिब गुरुद्वारा की तरफ से छत्तीसगढ़ स्तरीय गुरमत सिखलाई कैंप लगाया गया। जिसमें लोरमी खाम्ही ,नवागढ़, बेमेतरा पंडरिया सहित सभी जगह से बच्चों ने भाग लिया। जिसमें दस्तार सजना, गतका ,गुरुमुखी पाठ कैसे करते हैं यह सब सिखाया गया। यह कैंप 25 से 28 दिसंबर चार दिवसीय था इसमें लोरमी से सुहावी सलूजा, सिया सलूजा, शिखा सलूजा, दिया सलूजा, पूर्वी सलूजा, रे सलूजा, मीत सलूजा, पंत सलूजा शामिल हुए। यहां इनको गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों की शहादत के बारे में बताया गया कि गुरु सिंह का पूरा परिवार देश के लिए अपनी काम के लिए शहीद हो गए। पूरी दुनिया में गुरु गोविंद सिंह ऐसे महापुरुष थे जिनका पूरा परिवार देश के लिए शहीद हो गया। गुरु सिंह सभा लोरमी एवं खाम्ही के बच्चों को निक्की अनिल सलूजा एवं बिंदिया सलूजा के द्वारा रायपुर कैंप ले जाया गया।

### पुलिस टीम ने की होटल, ढाबों की जांच



**मुंगेली।** नये वर्ष में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस द्वारा बाहर के घूमंतू, डेरा, दवाई बेचने वाले आदि की चेकिंग कर 100 से अधिक की मुसाफिरी दर्ज की गई। थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्रों के हॉटल/ढाबा एवं सार्वजनिक स्थानों में चेकिंग की गई। सड़क दुर्घटना रोकथाम हेतु तेज गति से वाहन चलाने एवं तीन सवारी वाहन चलाने वाले 21 नवयुवकों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। जिला पुलिस द्वारा नये वर्ष के अवसर पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं अंकुश लगाने हेतु बाहर से आये मुसाफिरों, घूमंतू, डेरा, दवाई बेचने वाले आदि की चेकिंग की गई। इसी क्रम में थाना चौकी प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्रों के हॉटल/ढाबा एवं सार्वजनिक स्थानों पर 100 अधिक मुसाफिरों की चेकिंग की गई है, जिसमें थाना मुंगेली द्वारा 70 मुसाफिरों, थाना फास्टरपुर द्वारा 05 मुसाफिरों, थाना लोरमी द्वारा 11 मुसाफिरों तथा चौकी डिंडौरी द्वारा 03 मुसाफिरों की चेकिंग करते हुए उनकी पहचान कार्यवाही की गई एवं किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं होने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार नये वर्ष के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु तेज गति से वाहन चलाने एवं तीन सवारी वाहन चलाने वाले कुल 21 नवयुवकों को यातायात थाना बुलाकर समझाईश दी गई एवं चालानी कार्रवाई की गई है।

### मुंगेली में दत्तात्रेय जयंती पर निकली शोभायात्रा



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शिव शनि दुर्गा मंदिर गौरकापा आश्रम पंडरिया जिला कबीरधाम में भगवान श्रीदत्तात्रेय प्राकट्य समारोह थानापति महंत विवेकगिरी महराज के सानिध्य में आयोजन हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा आश्रम में पूजा अर्चना कर गोस्वामी समाज के लोगों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महाराज से आशीर्वाद लेकर शुभकामनाएं दिए। समारोह का प्रारंभ कापादह से आश्रम तक भव्य शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मुंगेली कोमल गिरी गोस्वामी, संरक्षक गोस्वामी समाज एलपी गोस्वामी, सरपंच संघ अध्यक्ष पंडरिया प्रदीप पुरी गोस्वामी, संस्थापक सदस्य दत्तजैन पुरी, कुबेर प्रकाश गिरी गोस्वामी, योगेंद्र पुरी गोस्वामी, महंत हरभूषण गिरी पौनी, राजेश पुरी, सुभाष पुरी, प्रांताध्यक्ष प्रभाकर बन गोस्वामी, मोहन पुरी, संजय गिरि गोस्वामी मुंगेली, जिला अध्यक्ष अजय गिरी गोस्वामी, जिला अध्यक्ष भरत गिरी गोस्वामी, जिलाध्यक्ष रामेश्वर गिरी गोस्वामी, राजेश्वर पुरी गोस्वामी, योगेश गिरी, चंद्रहास पुरी, पप्पू पुरी, प्रीतमपुरी, लीलगर, वेद प्रकाश गिरी सुधीर बन, रेखराज पुरी, संतोष पुरी, संजय पुरी, भोलापुरी, मनोज पुरी, सुनील पुरी, रिकेश पुरी, अजय भारती एवं प्रदेश से आए सभी समाज के लोगों ने भाग लिया।

### गौरेला में भगवान दत्तात्रेय की जयंती मनी



**गौरेला।** पेंड्रा गौरेला मार्ग के मध्य टेकरी पर स्थित प्राचीन दत्तात्रेय भगवान के मंदिर परिसर में सामाजिक साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था जन सेवा प्रगति मंच द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान दत्तात्रेय की जयंती मनाई गई। संस्था के सदस्य और पुरोहित गोवर्धन तिवारी द्वारा भगवान दत्तात्रेय की जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी गई। और भगवान दत्तात्रेय ने जिन 24 गुरुओं का आश्रय लिया उनका भी विवरण उसमें देखने को मिलता है ।जन सेवा प्रगति मंच संस्था की सदस्य और नगर पंचायत गौरेला की पूर्व अध्यक्ष संध्या राव ने उन गुरुओं के नाम भी अपने विचार रखे। गुरु दत्तात्रेय के पूजन में संस्था के सदस्य रमेश साहू, रज्जू शर्मा व संध्या राव उपस्थित थे। इसके साथ ही संस्था के ही पदाधिकारी अध्यक्ष शंकर लाल साहू सचिव मथुरा सोनी भाजपा नेता बृजलाल सिंह राठौड़, पत्रकार वेदचंद जैन, राहुल चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष की संदीप जयसवाल ,कमला अग्रवाल ,निलेश साहू, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, मीनू देवांगन राकेश अग्रवाल, मनीष दुबे ,आशीष गुप्ता ,वैभव वेद तिवारी सहित मंदिर के आसपास के बहुत सारे भक्त लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। अंत में संस्था के सचिव मथुरा सोनी ने संस्था की उपलब्धि किए गए जन कल्याण के कार्य से सभी को अवगत कराते हुए सभी उपस्थित जनों का खासकर मंदिर के व्यवस्थापक का आभार व्यक्त किया।

## कोदवाबानी, प्रतापपुर, बघनीभांवर चेचानडीह पहुंची संकल्प यात्रा



**मुंगेली/लोरमी।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज संकल्प यात्रा अंतर्गत मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम कोदवाबानी तथा प्रतापपुर तथा लोरमी विकासखण्ड के ग्राम बघनीभांवर एवं चेचानडीह में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान योजनाओं का लाभ लेने लोगों में उत्साह दिखा।

- योजनाओं का लाभ लेने लोगों में दिखा उत्साह

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आमजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने फार्म भराए गए एवं पंजीयन भी किया गया। इस दौरान हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

#### ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव

विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान पी. एम. प्रणाम योजना अंतर्गत ग्राम कोदवाबानी में कृषक बैशाखू के 1.50 एकड़, चारभाठा के कृषक धनसिंह के 1.40 एकड़ तथा गीधा के कृषक अखिल मिश्रा के 2.50 एकड़ रकबे में गेहूं फसल में नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव काफी उपयोगी है। ड्रोन से कीटनाशक, डी.ए.पी. एवं अन्य उर्वरकों का भी छिड़काव आसानी से किया जा सकता है। ड्रोन के उपयोग से किसानों के खर्च में बचत होगी। उन्होंने बताया कि कृषि कार्य में नवीन तकनीक के उपयोग करने के लिए शासन द्वारा किसानों को प्रोत्साहित भी किया जाता है।

## बस स्टैंड की एनएच सड़क दे रही हादसे को आमंत्रण



**जरहागांव।** बरेला से मुंगेली मुख्य मार्ग एनएच विभाग द्वारा किया है। सड़क पर दरारें, गड्ढे हो गए हैं। जरहागांव बस स्टैंड के पहले सड़क पर गड्ढे होने के कारण राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। एक वर्ष से सड़क की दुर्दशा हो गई है। विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। नतीजा दिनों दिन सड़क खराब होती जा रही है। ग्रामीणों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है की अब तक कई स्थानों की सड़क अधूरी है। जहां बनी है वहां उखड़ रही है। मुंगेली जिले के सभी विभाग के अधिकारी बिलासपुर से जरहागांव से गुजर कर मुंगेली जाते हैं फिर भी आंखे मूंदे हुए हैं। जानलेवा गड्ढे की मरम्मत कराने की पहल नहीं की जा रही है। जिनके कारण आम राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। सरपंच धीरसिंह बंजारे ने कहा कि बस स्टैंड की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। यदि गड्ढे को रॉ मटेरियल से भरा जाए तो दुबारा नहीं उखड़ेगा इसका संज्ञान विभाग द्वारा लेना चाहिए।

- करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़क पर लगा पलीता

#### कराया जा रहा निरीक्षण

एनएच विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों का निरीक्षण कराया जा रहा है। जहां की सड़क खराब हो गई है, उसे दुरुस्त करने निर्देश दिया गया है।

-विजेंद्र पाटले
अपर कलेक्टर मुंगेली

